# ग्रे-जोन युद्ध

**स्रोत: द हिंदू**

रायसीना संवाद- **वर्ष 2024** में, भारत के **चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ** सहित सैन्य नेताओं ने **दक्षिण चीन सागर** और भारत की उत्तरी सीमाओं पर कार्रवाई के कारण **ग्रे-ज़ोन युद्ध** के तीव्र/प्रबल होने पर चर्चा की।

- ग्रे-ज़ोन युद्ध **संघर्ष के एक ऐसे रूप** को संदर्भित करता है जिसमें **ऐसी कार्रवाइयाँ हैं जो पारंपरिक युद्ध की सीमा से नीचे** आती हैं, लेकिन इसका उद्देश्य **अस्पष्टता, अस्वीकार्यता** और **दबाव** के माध्यम से रणनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करना है।
- ग्रे-ज़ोन युद्ध में, विरोधी प्रत्यक्ष युद्ध में शामिल हुए बिना अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये **साइबर हमले, आर्थिक ज़बरदस्ती** और **छद्म संघर्ष जैसी रणनीति** अपनाते हैं।
- यह शांति और संघर्ष के बीच की सीमाओं को धुंधला कर देता है, जिससे **अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा तथा स्थिरता** के लिये बहुत बड़ी चुनौतियाँ उत्पन्न होती हैं।

**और पढ़ें:** रायसीना संवाद

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gray-zone-warfare